# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन

नैक द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त
DST-FIST सहायतित
Infront of Polytechnic College, Dewas Road Ujjain
Website : www.mvmujjain.org
Email: madhavsciencecollegeujjain@gmail.com
Ph. No. : 07342511803


क्रं.:375 दिनांक : 29/08/2025

## अनुबंध के आधार पर विजिटिंग फेक्ेल्टी व्यवस्था हेतु विज्ञप्ति

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु माह सितम्बर 2025 से माह मार्च 2026 तक अथवा परीक्षा प्रारंभ होने तक, (जो पूर्व हो) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संस्था में संचालित विषयों की अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु, योग्य अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने के लिये अनुबंध के आधार पर ऑनलाईन आवेदन संस्था की वेबसाइट www.mvmujjain.org के माध्यम से दिनांकः 10/09/2025 सांय 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है।

- वाणिज्य (Commerce) : 02
- इतिहास (History) :02
- राजनीति विज्ञान (Political Science) :01
- समाजशास्त्र(Sociology) :01
- कम्प्यूटर साइंस (Computer Science) : 01
- बायोइन्फार्मेटक्सि (Bioinformatics ) : 01
- भौतिकशास्त्र (Physics) : 01
- बायोटैक्नॉलाजी (Biotechnology) : 01
- एग्रीकल्चर (Agriculture) : 02
- माइक्रोबॉयोलॉजी (Microbiology) : 01

समस्त विषयों में रिक्तियों की संख्या परिवर्तनीय है जो प्रवेश तथा समिति को प्राप्त आय के आधार पर निश्चित होगी।

संस्था में पूर्व से संचालित एवं नये विषयों के लिये अनुबंध के आधार पर विजिटिंग फेक्ल्टी को आमंत्रित किया जाना है। अनुबंध के आधार पर विजिटिंग फेक्ल्टी हेतु आवश्यक अर्हता विज्ञापन प्रसारित करने के दिनांक तक यू.जी.सी द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रावधानों के अनुसार होगी। यह व्यवस्था जनभागीदारी समिति के नियमों के अन्तर्गत हैं तथा इसी अनुसार प्रति माह मानदेय अधिकतम रू. 26,000/-देय होगा। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 10/09/2025 सांय05.00 बजे तक रहेगी। अपूर्ण एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।


**अर्हता एवं चयन हेतु मापदण्डः** चयन प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगी। मेरिट अंकों का निर्धारण यू.जी.सी. के नवीनतम मापदण्डों के अनुसार होगा। आवश्यक अर्हता, मापदंड एवं अधिभार संबंधी जानकारी संस्था के पोर्टल/वेबसाइट www.mvmujjain.org पर उपलब्ध है। संबंधित विषय में यूजीसी मानदंड पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त न होने पर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री धारक को प्रावीण्य क्रम के अनुसार आमंत्रित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : ऑनलाईन आवेदन संस्था की वेबसाइट www.mvmujjain.org के माध्यम से दिनांक 10/09/2025 सांय 05.00 बजे तक ऑनलाईन अथवा हार्डकॉपी में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की केवल प्रावधिक गुणानुक्रम सूची तैयार की जावेगी। आवेदन पत्र में सही एवं वांछित पूर्ण जानकारी देना आवेदक की पूर्ण जिम्मेदारी होगी, आवेदक द्वारा कोई भी गलत जानकारी दिये जाने पर अथवा अपूर्ण होने पर आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा। विभिन्न विषयों में आवश्यकतानुसार संस्था की वेबसाइट www.mvmujjain.org के माध्यम से सूचित किये जाने पर अभ्यर्थी को संस्था में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी । तत्पश्चात् विषयवार अंतिम गुणानुक्रम सूचियां तैयार की जाएंगी, जिनमें से आवश्यकतानुसार गुणानुक्रम में अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जावेगा।

**आमंत्रण व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है । यह व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग म.प्र शासन के स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध नहीं है, ना ही शासन द्वारा इस हेतु कोई अनुदान प्राप्त होता है।**

अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने अथवा उनके आमंत्रण को बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार जनभागीदारी समिति शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन को होगा।
विज्ञापन में वर्णित पदों को किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित करने का अधिकार जनभागीदारी समिति शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन को होगा।

**नोट :** समस्त जानकारियां समय–समय पर संस्था की वेबसाइट पर जारी की जावेगी अतः संस्था की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करें।



प्राचार्य एवं
सचिव जनभागीदारी समिति